## गुस्ताखी माफ



मजे लीजिए ठंड के, क्यों कर रहे विलाप।
मई-जून में ठंड को, तरसेंगे फिर आप।
तरसेंगे फिर आप, चलायेंगे फुल एसी।
नहीं मिलेगी ठंड, आपको फिर भी ऐसी।
कह साहिल कविराय, कलपना बंद कीजिए।
क्यों कर रहे विलाप, ठंड के मजे लीजिए।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 10 | ISSUE 356 | FRIDAY 02-01-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# नववर्ष के पहले ही दिन मलोया थाना पुलिस का सख्त एक्शन, अवैध शराब व हुक्का बार पर 3 एफआईआर दर्ज

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 01 जनवरी। नववर्ष 2026 के पहले ही दिन मलोया थाना पुलिस ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त कार्रवाई करते हुए तीन अलग-अलग मामलों में एफआईआर दर्ज की हैं। यह कार्रवाई अवैध शराब तस्करी और बिना अनुमति हुक्का बार संचालित करने के मामलों में की गई। नववर्ष को लेकर मलोया थाना एसएचओ जसबीर सिंह के निर्देश पर पुलिस टीमें लगातार गश्त पर थीं। इसी दौरान दो मामलों में अवैध शराब की खेप पकड़ी गई, जबकि तीसरे मामले में मलोया में अवैध रूप से संचालित बॉस क्लब कैफे में चल रही हुक्का पार्टी पर कार्रवाई की गई।





## दूसरा मामला: डड्डूमाजरा में शराब की खेप पकड़ी


दूसरे मामले में 31 दिसंबर 2025 की रात करीब 10 :30 बजे पुलिस ने डड्डूमाजरा सेक्टर-38 वेस्ट स्थित लॉन्ग पार्क, फोर्थ मंजिला के पास से 22 वर्षीय विकास कुमार उर्फ भिंडी को दबोचा। आरोपी के पास से बिना लाइसेंस 51 क्वार्टर 'सौकिन संतरा देसी शराब' बरामद की गई। इस मामले में एफआईआर नंबर-02 दिनांक 1 जनवरी 2026 को तड़के 1 :14 बजे दर्ज की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर जमानत पर छोड़ा गया। मामले की जांच हेड कांस्टेबल जितेंद्र कुमार कर रहे हैं।

## पहला मामला: अवैध शराब बरामद

*मलोया थाना पुलिस ने 31 दिसंबर 2025 की रात करीब 10 :20 बजे ईडब्ल्यूएस कॉलोनी मलोया के मकान नंबर-2225 के पास से 20 वर्षीय गुरप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से बिना लाइसेंस व परमिट के 50 क्वार्टर ह्यसंतरा मसालेदार देसी शराब बरामद की गई। इस संबंध में 1 जनवरी 2026 को रात 12 :23 बजे एफआईआर नंबर-01 धारा 61-1-14 आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर बाद में जमानत पर रिहा कर दिया गया। मामले की जांच हेड कांस्टेबल अजय कुमार कर रहे हैं।*

## तीसरा मामला: अवैध हुक्का बार पर कार्रवाई

नववर्ष की सुबह मलोया थाना पुलिस ने बॉस क्लब कैफे मलोया में अवैध रूप से हुक्का पार्टी चलाने के मामले में कार्रवाई की। 31 दिसंबर की रात पुलिस ने कैफे संचालक दीपक कुमार ( 25 ) को गिरफ्तार कर मौके से पांच हुक्के बरामद किए। आरोपी पर डीएम चंडीगढ़ के आदेशों की अवहेलना करते हुए बिना लाइसेंस व अनुमति हुक्का बार चलाने का आरोप है। इस संबंध में एफआईआर नंबर-03 धारा 223 बीएनएस के तहत 1 जनवरी 2026 को सुबह 5 :16 बजे दर्ज की गई। मामले की जांच एएसआई उमेद सिंह द्वारा की जा रही है। मलोया थाना प्रभारी जसबीर सिंह ने बताया किया है कि नववर्ष के दौरान अवैध गतिविधियों पर सख्त नजर रखी जा रही है और कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ बिना किसी ढील के कार्रवाई जारी रहेगी।




# निगम जोन-बी और सी में सीवरेज कनेक्शन के नाम पर बड़ा घोटाला!

लुधियाना/यूटर्न/1 जनवरी। लुधियाना नगर निगम में पिछले दिनों आउटसोर्स पर रखे एसडीओ-जेई द्वारा निगम जोन-बी और जोन-सी में अवैध तरीके से सबमर्सिबल पंप लगवाने का मामला सामने आया था। वहीं अब इन आउटसोर्स पर रखे अधिकारियों का नया कारनामा सामने आया है। चर्चा है कि आउटसोर्स पर रखे इन अधिकारियों द्वारा निगम जोन-बी और जोन-सी में सीवरेज कनेक्शन के नाम पर बड़ा घोटाला किया जा रहा है। जिसमें उनकी और से नगर निगम की हद से बाहर स्थित कॉलोनियों और फैक्ट्रियों को इललीगल तरीके से सीवर कनेक्शन दिलाए जा रहे हैं। जिसकी एवज में 50 हजार से लेकर 2 लाख रुपए तक की रिश्वत लेने की भी चचाएं हैं। यह भी चर्चा है कि इस पूरे खेल में कुछ राजनेता भी शामिल है। इसी तरह करके सैकड़ों कनेक्शन लगाए भी जा चुके हैं। हैरानी की बात तो यह है कि इन अधिकारियों द्वारा एक तरफ अपनी जेबें भरी जा रही है और दूसरी तरफ नगर निगम के खजाने को बड़ा चूना भी लगाया जा रहा है। लेकिन निगम कमिश्नर व अन्य उच्च अधिकारी मामले में कोई एक्शन नहीं ले पा रहे।





## पहले लेते हैं कनेक्शन फीस, फिर प्रति महीना होती है वसूली

चर्चा है कि आउटसोर्स पर रखे एसडीओ-जेई की और से पहले तो कनेक्शन दिलाए जाते हैं। जिसमें कॉलोनी और फैक्ट्री का एरिया देख उस मुताबिक कनेक्शन फीस 50 हजार से 2 लाख रुपए वसूल की जाती है। वह फीस सरकारी खाते में जमा न होकर जेब में डाली जाती है। जिसके बाद उन कॉलोनी व फैक्ट्री मालिकों से महीना फिक्स कर लिया जाता है। जिसके बाद उनसे प्रति महीने के हिसाब से 2 या 3 हजार रुपए वसूली की जाती है।

## ऐसे दिए जा रहे कनेक्शन

दरअसल, जो कॉलोनियां और फैक्ट्रियां नगर निगम की हद से बाहर हैं, उन्हें नियमों के मुताबिक निगम का सीवरेज कनेक्शन नहीं मिल सकता। लेकिन आउटसोर्स एसडीओ-जेई की और से उनसे रिश्वत ली जाती है। जिसके बाद उनकी सीवर लाइन डलवाकर सीधे निगम की मेन लाइन से जोड़ दी जाती है। जिसके बाद सीवरेज का सारा पानी निगम की लाइन में जाता है। लेकिन इसका किसी को पता नहीं चल पाता।

## जांच में होंगे बड़े खुलासे

अगर जोन-बी और जोन-सी में लगे अवैध कनेक्शनों की जांच की जाए तो बड़े खुलासे होने की संभावनाएं हैं। सैकड़ों ऐसे इललीगल कनेक्शन मिल सकते हैं। उच्च अधिकारियों को इस पर ध्यान देने की जरुरत हैं। चर्चाएं तो यह भी है कि कनेक्शन की आड़ में ली रिश्वत के पैसे नीचे से लेकर ऊपर तक व कुछ राजनेताओं के बीच बांटे जाते है।

## अवैध कनेक्शनों का पानी रीट्रीट करने को निगम दे रहा पैसा

अगर किसी कॉलोनी को बड़ा सीवरेज कनेक्शन लेना हो तो उसमें 10 से 25 लाख रुपए तक लगते हैं। फिर उक्त कॉलोनी और फैक्ट्री द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे पानी के हिसाब से प्रति महीना फीस सरकारी खजाने में जमा होती है। लेकिन ठेके पर रखे एसडीओ व जेई द्वारा इललीगल कनेक्शन खुद अमीर बन रहे हैं। जबकि निगम का खजाना खाली कर रहे हैं। क्योंकि इन कॉलोनियों और फैक्ट्रियों से निकलने वाले पानी को रीट्रीट करने के लिए निगम को अपनी तरफ से पैसा देना पड़ रहा हैं।

## सिर्फ सुपरविजन को रखे थे ठेके पर मुलाजिम

निगम द्वारा ठेके पर एसडीओ-जेई की भर्ती की गई थी। जिनकी भर्ती का मुख्य मकसद विकास कार्यो की सुपरविजन करना था। इन ठेका मुलाजिमों के पास फाइनेंशियल पावर नहीं है। लेकिन फिर भी सुपरविजन की जगह यह पेमेंट अदायगी से लेकर अवैध सीवरेज व सबमर्सिबल कनेक्शन देने तक के हर कार्य को अंजाम दे रहे हैं।

## टेंडर लेकर भी विकास कार्य कर रहे ठेका मुलाजिम

चचाएं हैं कि इन एसडीओ और जेई के पास फाइनेंशियल पावर न होने के बावजूद पेमेंट लेने देने का काम खुद करते हैं। चचाएं हैं कि इन अधिकारियों द्वारा ठेकेदारों को टेंडर दिलाए जाते हैं। जिसके बाद ठेकेदारों को 10 प्रतिशत कमिशन देकर साइड़ कर टेंडर के काम को पूरा कर मुनाफा कमाया जा रहा हैं।

## आप सरकार में भी भ्रष्टाचार सिखर पर

एक तरफ आप सरकार द्वारा भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के दावे किए जाते हैं। लेकिन दूसरी तरफ आप सरकार में ही भ्रष्टाचार सिखर पर हैं। फिर भी सरकार के नुमाइंदों को इसके बारे में पता नहीं चल पाता। लोगों में चर्चा है कि राजनेताओं को अपनी इटेंलिजेंस तेज करने की जरुरत है, ताकि उनकी नाक तले हो रहे इन घोटालों का पता चल सके।

Uturn Time 02 Jan 2026_Page 1-4.qxd 01-01-2026 23:13 Page 2



# पंजाब 2025: वादों से लेकर रिकॉर्ड निवेश तक, राज्य की औद्योगिक प्रगति पर मंत्री संजीव अरोड़ा से खास बातचीत

चंडीगढ़/यूटर्न/1 जनवरी। 2025 पंजाब के औद्योगिक क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक साल रहा है, जिसमें रिकॉर्ड निवेश, नीतिगत सुधार और व्यापार करने में आसानी पर नए सिरे से ध्यान दिया गया है। उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा के नेतृत्व में, राज्य ने अप्रूवल प्रक्रिया को आसान बनाया है, वित्तीय बोझ कम किया है, और निवेशक-अनुकूल तंत्र बनाए हैं, जिन्होंने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों को आकर्षित किया है। वर्धमान स्टील्स से लेकर इंफोसिस तक, पंजाब ने सभी क्षेत्रों में पूंजी का अभूतपूर्व प्रवाह देखा है, जो इसके औद्योगिक इकोसिस्टम में बढ़ते विश्वास को दशार्ता है। इस विशेष इंटरव्यू में, मंत्री अरोड़ा सुधारों, प्रमुख निवेशों और पंजाब को एक जीवंत औद्योगिक केंद्र में बदलने के राज्य के विजन पर अपनी राय साझा करते हैं।

**आप 2025 में पंजाब की औद्योगिक उपलब्धियों को कैसे संक्षेप में बताएंगे?**


2025 एक ऐतिहासिक साल रहा है। पंजाब को भारत सरकार द्वारा व्यापार करने में आसानी के लिए मान्यता दी गई। हमने अप्रूवल प्रक्रिया को आसान बनाया, मॉर्गेज रजिस्ट्रेशन और हाइपोथिकेशन फीस में कटौती की, और विभागीय प्रोत्साहनों के लिए बैंक गारंटी की आवश्यकता को समाप्त कर दिया। नीति के मोर्चे पर, 24 सेक्टोरल समितियों ने मजबूत औद्योगिक सुधारों का मार्गदर्शन करने के लिए रिपोर्ट प्रस्तुत कीं।

**आरटीबी एक्ट 2.0 क्या है, और यह निवेशकों के लिए क्यों महत्वपूर्ण है?**

आरटीबी एक्ट 2.0 5 से 18 दिनों के भीतर परियोजनाओं के लिए और अन्य निवेशों के लिए 45 दिनों के भीतर अप्रूवल सुनिश्चित करता है। यह नौकरशाही देरी को कम करता है, परियोजना निष्पादन में तेजी लाता है, और पंजाब के कारोबारी माहौल में काफी सुधार करता है।

**औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने में पीएसआईईसी ने क्या भूमिका निभाई है?**

पीएसआईईसी महत्वपूर्ण रहा है। हमने सभी औद्योगिक फोकल पॉइंट्स को अपग्रेड किया, तीन दशकों के बाद वन-टाइम सेटलमेंट (ओटीएस) योजना शुरू की, लीजहोल्ड से फ्रीहोल्ड रूपांतरण शुरू किए, और विखंडन और उप-विभाजन नीतियों की घोषणा की। हमने शिकायत निवारण के लिए एक अपीलीय प्राधिकरण भी स्थापित किया और बिना बिके प्लॉटों की नियमित नीलामी करते हैं। जिससे निवेशकों के लिए राज्य में प्रवेश करना आसान हो गया है।



**2025 में पंजाब में कौन से प्रमुख निवेश आए ?**

यह एक रिकॉर्ड साल रहा है। वर्धमान स्टील्स ने 3,000 करोड़, एचपीसीएल मित्तल एनर्जी ने 2,600 करोड़, ट्राइडेंट ग्रुप ने 2,000 करोड़, और आईओएल केमिकल्स एंड फार्मास्यूटिकल्स ने 1,400 करोड़ का निवेश किया। अन्य में हैप्पी फोर्जिंग्स 1,000 करोड़, वीरका बेवरेजेज 987 करोड़, फोर्टिस हेल्थकेयर मोहाली 900 करोड़, एम्बर एंटरप्राइजेज 500 करोड़, टॉपपन स्पेशलिटी फिल्म्स 400 करोड़, और इंफोसिस 285 करोड़ शामिल हैं। ये निवेश पंजाब के बिजनेस माहौल में निवेशकों के बढ़ते भरोसे को दिखाते हैं।

**आगे देखते हुए, पंजाब के औद्योगिक क्षेत्र के लिए आपका क्या विजन है ?**

पंजाब स्थिरता बनाए रखते हुए एक गतिशील औद्योगिक केंद्र के रूप में उभरने का लक्ष्य रखता है। हम सभी सेक्टर में अच्छी क्वालिटी के इन्वेस्टमेंट लाना चाहते हैं, रोजगार पैदा करना चाहते हैं, और नेशनल और ग्लोबल इंडस्ट्रियल मैप पर राज्य की स्थिति को मजबूत करना चाहते हैं। विजन साफ है: ग्रोथ और सबको साथ लेकर चलना।

**पंजाब ने राष्ट्रीय स्तर पर निवेश को कैसे बढ़ावा दिया है ?**

हमने पंजाब के प्रमुख शहरों अमृतसर, जालंधर, लुधियाना, मोहाली, बठिंडा और मंडी गोबिंदगढ़ और पंजाब के बाहर गुड़गांव, दिल्ली, बेंगलुरु, हैदराबाद और चेन्नई में रोड शो आयोजित किए। ये पहल निवेश के अवसरों को दिखाने और निवेशकों को स्थानीय प्रोजेक्ट्स से जोड़ने में मदद करती हैं।

**हमने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्या किया है और भविष्य में क्या करना चाहिए ?**

वैश्विक स्तर पर, हमने जापान और दक्षिण कोरिया से संपर्क किया। पंजाब खुद को वैश्विक निवेशकों के लिए एक आकर्षक जगह के रूप में स्थापित कर रहा है, जिसमें बिजनेस करने में आसानी, पॉलिसी में स्थिरता और सेक्टर-विशिष्ट अवसरों को दिखाया जा रहा है।

**प्रोग्रेसिव पंजाब इन्वेस्टर्स समिट 2026 का क्या महत्व है?**

मोहाली में 13-15 मार्च को होने वाला यह समिट निवेश के अवसरों पर प्रकाश डालेगा, सेक्टोरल सुधारों को पेश करेगा, और निवेशकों, उद्योगपतियों और पॉलिसी बनाने वालों के बीच साझेदारी को बढ़ावा देगा। इसे औद्योगिक विकास को तेज करने और 2025 की उपलब्धियों को मजबूत करने के लिए डिजाइन किया गया है।

**पंजाब में निवेश करने पर विचार कर रहे संभावित निवेशकों के लिए आपका क्या संदेश है?**

पंजाब वह जगह है जहाँ वादों को हकीकत में बदला जाता है। प्रक्रियाओं को सरल बनाया गया है, वित्तीय बोझ कम किया गया है, और शिकायतों का व्यवस्थित तरीके से समाधान किया जाता है। बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, सक्रिय शासन और निवेशक-अनुकूल नीतियों के साथ, पंजाब स्थायी बिजनेस विकास के लिए एक उपजाऊ जमीन प्रदान करता है।

**इन सुधारों से पंजाब के आम नागरिकों को कैसे फायदा होता है?**

औद्योगिक विकास से नौकरियाँ मिलती हैं, स्थानीय अर्थव्यवस्थाएँ मजबूत होती हैं, और इंफ्रास्ट्रक्चर बेहतर होता है। यह सामाजिक विकास को भी सपोर्ट करता है, यह सुनिश्चित करता है कि आर्थिक प्रगति से सिर्फ व्यवसायों को ही नहीं, बल्कि समुदायों को भी फायदा हो।

# पंजाब शिक्षा क्रांति: पेस विंटर कैंपों से 1700 से अधिक सरकारी स्कूल विद्यार्थियों को आईआईटी, एनआईटी व एम्स की तैयारी





चंडीगढ़, यूटर्न, 1 जनवरी। पंजाब सरकार की शिक्षा सुधार पहलों के तहत पंजाब अकादमिक कोचिंग फॉर एक्सीलेंस (PACE) कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित विंटर रेज़िडेंशियल कोचिंग कैंपों ने सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए नए अवसर खोले हैं। इन कैंपों के माध्यम से 1700 से अधिक होनहार विद्यार्थियों को आईआईटी, एनआईटी, एम्स सहित अन्य प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं की उच्च स्तरीय तैयारी करवाई गई।

पंजाब के शिक्षा मंत्री स. हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि इन कैंपों का उद्देश्य सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को देश की शीर्ष शैक्षणिक संस्थाओं के लिए प्रतिस्पर्धात्मक रूप से सक्षम बनाना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में राज्य सरकार सभी वर्गों के विद्यार्थियों को समान अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने जानकारी दी कि तीन केंद्रों—बठिंडा, लुधियाना और एस.ए.एस. नगर (मोहाली)—में कुल 1728 विद्यार्थियों ने भाग लिया। बठिंडा में 601, लुधियाना में 573 और मोहाली में 554 विद्यार्थी शामिल हुए, जिनमें छात्राओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही। शिक्षा मंत्री ने कहा कि जेईई और नीट की तैयारी के लिए इन कैंपों में फिजिक्सवाला, विद्या मंदिर और अवंती फेलोज जैसी नामी कोचिंग संस्थाओं के विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। पाठ्यक्रम अवधारणात्मक स्पष्टता, उन्नत समस्या-समाधान, डाउट-क्लियरिंग सत्र, वन-टू-वन मेंटरिंग, स्ट्रेस मैनेजमेंट और करियर मार्गदर्शन पर केंद्रित रहा।

उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों का चयन पारदर्शी और प्रतिस्पर्धात्मक प्रक्रिया के तहत किया गया, जबकि समावेशी दृष्टिकोण अपनाते हुए 20 प्रतिशत सीटें सामान्य सरकारी स्कूलों और ड्रॉप-ईयर विद्यार्थियों के लिए आरक्षित रखी गईं। सुरक्षित आवासीय सुविधाओं और सहायक वातावरण ने विद्यार्थियों को बेहतर ढंग से अध्ययन करने में मदद की। स. हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि पेस विंटर कैंपों को मिला उत्साहपूर्ण प्रतिसाद सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों की अपार क्षमता को दशार्ता है और यह पहल राज्य में शिक्षा की गुणवत्ता को नई दिशा देने में मील का पत्थर साबित होगी।

# 30 हजार रुपये रिश्वत लेते तहसीलदार विजीलैंस ब्यूरो के हत्थे चढ़ा

## घर से 1.45 लाख रुपये बरामद, भ्रष्टाचार निवारण कानून के तहत मामला दर्ज




चंडीगढ़, यूटर्न, 01 जनवरी। पंजाब विजीलैंस ने जिला संगरूर में तैनात तहसीलदार जगतार सिंह को 30 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। मामले में उसके एक अन्य सहयोगी की भूमिका भी सामने आई है, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

पंजाब विजीलैंस के प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी तहसीलदार के आवास की तलाशी के दौरान 1 लाख 45 हजार रुपये नकद बरामद किए गए हैं। यह कार्रवाई जिला संगरूर के गांव महिलां निवासी एक व्यक्ति द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर की गई। प्रवक्ता के अनुसार शिकायतकर्ता ने खरीदी गई जमीन की रजिस्ट्री करवाने के लिए तहसील कार्यालय संगरूर में तैनात तहसीलदार जगतार सिंह और क्लर्क मालविंदर सिंह से संपर्क किया था। आरोप है कि दोनों ने जमीन की रजिस्ट्री कराने के बदले 30 हजार रुपये रिश्वत की मांग की और राशि प्राप्त की।

शिकायत की प्राथमिक जांच के बाद आरोप सही पाए गए, जिसके बाद विजीलैंस पुलिस रेंज पटियाला में दोनों आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की आगे की जांच जारी है।

Uturn Time 02 Jan 2026_Page 1-4.qxd 01-01-2026 23:13 Page 3

RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 10 | ISSUE 356 | FRIDAY 02-01-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## नव वर्ष पर फरीदाबाद को बड़ी सौगात, कृष्ण पाल गुर्जर ने 'हॉस्पिटल ऑन व्हील्स' को दिखाई हरी झंडी

चंडीगढ़, यूटर्न, 01 जनवरी। केंद्रीय राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर ने नव वर्ष के आगमन पर वीरवार को फरीदाबाद में सेक्टर-28 स्थित अपने कार्यालय परिसर से 'हॉस्पिटल ऑन व्हील्स' दो अत्याधुनिक चिकित्सा बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि हॉस्पिटल ऑन व्हील्स के माध्यम से उन क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी, जहां अस्पतालों की पहुंच सीमित है। इन बसों में प्राथमिक उपचार, जांच सुविधाएं तथा आवश्यक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध होंगे।

## बराड़ सीड स्टोर पर फिर FIR! मामला : पाबंदीशुदा कीटनाशक सामान बरामद, जाली बीज मामले में भी हुई थी FIR

लुधियाना/यूटर्न/1 जनवरी। फिरोजपुर रोड स्थित पीएयू गेट नंबर एक के सामने स्थित बराड़ सीड स्टोर पर खेतीबाड़ी विभाग की और से रेड की गई। इस दौरान भारी मात्रा में पाबंदीशुदा कीटनाशक सामान बरामद हुआ है। विभाग ने मौके से करीब 17.9 किलोग्राम ग्लाईफोसेट जब्त किया है। थाना डिवीजन नंबर पांच की पुलिस ने खेतीबाड़ी विकास अफसर करमजीत सिंह की शिकायत पर राजगुरु नगर शांत पार्क के नवरुप सिंह बराड़ के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता खेतीबाड़ी विकास अफसर करमजीत सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि आरोपी द्वारा अपने स्टोर पर इललीगल तरीके से पाबंदीशुदा कीटनाशक सामान बेचा जा रहा है। जिसके चलते वहां रेड की गई और सामान बरामद किया। अफसर अनुसार इस ग्लाईफोसेट को पंजाब सरकार ने राज्य में पूरी तरह बैन किया हुआ है।




### पहले भी बीज की कालाबाजारी करने का हुआ पर्चा दर्ज

बता दें कि इससे पहले भी बराड़ सीड के मालिक पर जाली बीज बेचने के आरोप में मामला दर्ज हो चुका है। दरअसल, मई 2020 में बराड़ सीड के मालिक हरदयाल सिंह पर आरोप लगे थे कि उसकी और से पीएयू में बिकने वाले धान के बीज को अवैध तरीके से बेचकर कालाबाजारी की जा रही थी। जिसके चलते आरोपी की दुकान से 200 क्विंटल बीज बरामद हुए थे। जिसके चलते थाना डिवीजन नंबर 5 पुलिस ने पीएयू के कृषि अफसर डाक्टर नरिंदर सिंह बेनिपाल की शिकायत पर आरोपी हरदयाल सिंह बरामड़ के खिलाफ केस दर्ज किया था।

## शिअद प्रधान सुखबीर बादल का करीबी सीए गिरफ्तार, पावन स्वरूप केस में हुई कार्रवाई

पंजाब/यूटर्न/1 जनवरी। अमृतसर में श्री गुरु ग्रंथ साहिब के 328 पावन स्वरूपों के गबन और बेअदबी मामले में पुलिस ने एक्शन लेते हुए एसजीपीसी के पूर्व आंतरिक ऑडिटर और सुखबीर बादल के



करीबी सतिंदर सिंह कोहली को अरेस्ट कर लिया है। यह मामला 2020 से चर्चा में है, जब अकाल तख्त द्वारा गठित जांच समिति ने उनकी लापरवाही पकड़ी थी। हाल ही में पंजाब पुलिस ने FIR दर्ज की थी और मामले में सीएम भगवंत मान का भी बयान आया था। इस दौरान उन्होंने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) पर भी सवाल उठाए थे। एसएस कोहली एंड एसोसिएट्स फर्म को 2009 में SGPC ने आंतरिक ऑडिट, खातों के कंप्यूटरीकरण और नियंत्रण प्रणाली के लिए 3.5 लाख रुपए मासिक भुगतान किया जा रहा था। अकाल तख्त द्वारा गठित जांच समिति की जांच रिपोर्ट में पाया गया था कि एसएस कोहली एंड एसोसिएट्स फर्म ने केवल एक काम किया था और उसके लिए चार कामों के लिए भुगतान लिया। जिससे पावन स्वरूप के गबन रोकने में चूक हुई। 2020 में SGPC ने उनकी सेवाएं समाप्त कर दीं और 75% भुगतान की वसूली का प्रस्ताव पारित किया था।

**सुखबीर बादल से कनेक्शन...** कोहली को सुखबीर सिंह बादल का करीबी चार्टर्ड अकाउंटेंट माना जाता है, जो उनके निजी और SGPC खातों को संभालते रहे। 2003 में पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने बादल परिवार के काले धन को सफेद करने के आरोप में उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए थे। सीएम भगवंत मान ने दिसंबर 2025 में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि कोहली सुखबीर के भी CA हैं और SGPC के प्रस्तावों को लागू न करने पर सवाल उठाए।

## सड़क हादसों पर लगाम की पहल: पंजाब में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 की शुरूआत




चंडीगढ़, यूटर्न, 1 जनवरी। पंजाब सरकार ने राज्य में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आम जनता में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 की औपचारिक शुरूआत की। किसान भवन में आयोजित उद्घाटन समारोह में परिवहन मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर ने महीने भर चलने वाले इस राज्यव्यापी अभियान का शुभारंभ किया।


समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री भुल्लर ने कहा कि सड़क दुर्घटनाएं केवल आंकड़े नहीं, बल्कि परिवारों के लिए अपूरणीय क्षति होती हैं। उन्होंने जोर दिया कि सड़क सुरक्षा सरकार के साथ-साथ समाज के प्रत्येक नागरिक की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि एनआरएसएम-2026 के तहत स्कूलों व कॉलेजों में सेमिनार, पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिताएं, क्विज कार्यक्रम, ड्राइवरों के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र और व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। मंत्री ने कहा कि हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, ओवर-स्पीडिंग, मोबाइल फोन से ड्राइविंग और गलत दिशा में वाहन चलाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। नशे में ड्राइविंग पर रोक के लिए विशेष नाकाबंदी व चेकिंग अभियान भी चलेंगे। उन्होंने बताया कि ब्लैक स्पॉट्स पर साइनेज, रोड मार्किंग और अन्य इंजीनियरिंग सुधार किए जाएंगे।

लीड एजेंसी (रोड सेफ्टी), पंजाब के महानिदेशक आर. वेंकट रतनम ने बताया कि प्रत्येक जिला सड़क सुरक्षा समिति को 9.50 लाख रुपये की वित्तीय सहायता दी गई है, जिसमें एल्कोमीटर की खरीद भी शामिल है। डीजीपी (ट्रैफिक) अमरदीप सिंह राय ने कहा कि सड़क सुरक्षा फोर्स की स्थापना से राष्ट्रीय व राज्य मार्गों पर मौतों में लगभग 50 प्रतिशत की कमी आई है।

राज्य परिवहन आयुक्त परनीत शेरगिल ने बताया कि ड्राइविंग लाइसेंस प्रणाली को अधिक सख्त और पारदर्शी बनाया गया है। कार्यक्रम के दौरान मोहाली में डिलीवरी कर्मियों की मोटरसाइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। समारोह में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, ट्रैफिक पुलिस, शैक्षणिक संस्थानों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।


## 24वीं पुण्यतिथि

पिता जीवन है, संबल है, शक्ति है,
पिता सृष्टि के निर्माण की अभिव्यक्ति है।
पिता की कमी को कोई बांट नहीं सकता और कोई भी उनके आशीषों को काट नहीं सकता।



**Sh. Nirmal Kumar Jain**
(03.08.1950 - 02.01.2002)

Your Memories, Love, Blessings
will always be our guiding force

In Remembrance

Rohit Jain 98140-30560 | Gaurav Jain 98140-21560 | Ashok Mittal 96463-33666

Sharu Industries Pvt. Ltd.
Ludhiana

Uturn Time 02 Jan 2026_Page 1-4.qxd 01-01-2026 23:13 Page 4






# वरिष्ठ नागरिकों के अनुभव को सम्मान, हरियाणा सरकार देगी राज्य पुरस्कार

चंडीगढ़, यूटर्न, 1 जनवरी। हरियाणा सरकार वरिष्ठ नागरिकों को सम्मान देने और समाज निर्माण में उनके अनुभव व योगदान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वर्ष 2025-26 के लिए वरिष्ठ नागरिक सम्मान पुरस्कार योजना के तहत राज्य पुरस्कार प्रदान करेगी। इसके लिए इच्छुक व्यक्तियों और संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

हरियाणा सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अन्त्योदय (सेवा) विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि यह योजना समाज सेवा, कला, खेल और बहादुरी जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित करने के साथ-साथ संस्थागत प्रयासों को भी प्रोत्साहित करेगी।



प्रवक्ता ने बताया कि योजना के अंतर्गत शतवर्षीय पुरस्कार, श्रेष्ठ माता, शौर्य एवं बहादुरी, आजीवन उपलब्धि, वरिष्ठ पेंटर, मूर्तिकार, संगीतकार और खिलाड़ी जैसी व्यक्तिगत श्रेणियों में सम्मान दिया जाएगा। इसके अलावा श्रेष्ठ पंचायत, श्रेष्ठ स्वैच्छिक संगठन (एनजीओ), श्रेष्ठ वृद्धाश्रम और श्रेष्ठ दैनिक देखभाल केंद्र जैसी संस्थागत श्रेणियों को भी राज्य पुरस्कार से नवाजा जाएगा।

पुरस्कार राशि के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि कला और खेल श्रेणियों में प्रथम पुरस्कार 50,000 रुपये, द्वितीय 30,000 रुपये और तृतीय पुरस्कार 20,000 रुपये निर्धारित किया गया है। वहीं संस्थागत श्रेणियों में प्रथम पुरस्कार 1,00,000 रुपये, द्वितीय 75,000 रुपये और तृतीय पुरस्कार 50,000 रुपये दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इच्छुक व्यक्ति या संस्थाएं अपनी उपलब्धियों से संबंधित प्रमाण-पत्र और आवश्यक दस्तावेजों के साथ विभाग के पोर्टल https://award.socialjusticehry-gov.in

पर 12 जनवरी 2026 की रात 11.59 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि जिन व्यक्तियों या संस्थाओं को पिछले तीन वर्षों में इस पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है, वे उसी श्रेणी में पुनः आवेदन के पात्र नहीं होंगे।

हरियाणा सरकार का यह कदम वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, उनके अनुभव के उपयोग और समाज में सकारात्मक योगदान को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# रामदरबार में कांग्रेस का नववर्ष मिलन समारोह

- प्रदेश अध्यक्ष एच.एस. लक्की ने किया नववर्ष कैलेंडर का विमोचन



चंडीगढ़, यूटर्न, 01 जनवरी। नववर्ष 2026 के उपलक्ष्य में वार्ड नंबर-19 रामदरबार में कांग्रेस पार्टी की ओर से नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षा सोनिया गुरचरण सिंह के निवास स्थान पर हुआ, जहां कांग्रेस नेताओं, कार्यकताओं और क्षेत्रवासियों ने एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस, वार्ड नंबर-19 रामदरबार की ओर से नववर्ष कैलेंडर का विमोचन किया गया। कैलेंडर का विधिवत उद्घाटन चंडीगढ़ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष एच.एस. लक्की ने किया।

नववर्ष मिलन समारोह में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता और रामदरबार क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इनमें जेड.पी. खान, नरिंदर कुमार नंदी, बिरेन्द्र रॉय, वी.एन. तिवारी, ओम पाल चौटाला, बदन सिंह, ईश्वर सिंह, सोनिया दुग्गल, सुभाष कुमार, गुरदयाल सिंह, एडवोकेट सुरिंदर कुमार, रोहित चौटाला, रजिंदर कुमार, पास्टर दीपक पॉल, पास्टर नरेश कुमार, विनोद कुमार, जंग बहादुर, सरदार गुरमेल सिंह, सुनील कुमार, चतुवेर्दी जी, विकास कुमार, बिजेंदर यादव, आदित्य कुमार, अंकुश, सतीश कुमार, अजय कुमार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग शामिल हुए।

# प्रजापत वेलफेयर एसोसिएशन की वार्षिक बैठक उत्साह के साथ संपन्न



डेराबस्सी, यूटर्न, 01 दिसंबर। डेराबस्सी में प्रजापत वेलफेयर एसोसिएशन (4506) की संयुक्त वार्षिक बैठक आज बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ आयोजित की गई। बैठक में प्रजापती समाज के सदस्यों ने भारी संख्या में भाग लिया और एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। नववर्ष के शुभ अवसर पर एसोसिएशन की ओर से वर्ष 2026 का नया कैलेंडर प्रकाशित किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के पूर्व विधायक एन.के. शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में विशेष तौर पर शामिल हुए। उन्होंने प्रजापती समाज के लोगों से संवाद कर सभी को नववर्ष की बधाइयां दीं। इस अवसर पर एसोसिएशन की ओर से उन्हें नववर्ष का कैलेंडर भेंट कर सम्मानित भी किया गया। बैठक के दौरान नारी शक्ति की सक्रिय भागीदारी भी देखने को मिली। महिलाओं ने समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का संकल्प लिया। एसोसिएशन ने सामाजिक कार्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया। विशेष रूप से समाज के प्रत्येक बच्चे को शिक्षा से जोड़ने और जरूरतमंद बच्चों की पढ़ाई में सहयोग देने का संकल्प लिया गया।

# पुलिसकर्मी की सबुद्धा दरिया की सफाई में ऐतिहासिक प्रगति

## प्रशासन की सख्ती से प्रदूषण पर कड़ा प्रहार, जल गुणवत्ता में स्पष्ट सुधार

लुधियाना, यूटर्न, 1 जनवरी। बुद्धा दरिया के पुनर्जीवन की दिशा में जिला प्रशासन ने बड़ी सफलता हासिल की है। उपायुक्त हिमांशु जैन और नगर निगम आयुक्त आदित्य डाचलवाल के प्रत्यक्ष नेतृत्व में चल रहे समन्वित अभियान के चलते प्रदूषण नियंत्रण और जल गुणवत्ता सुधार में ठोस व जमीन पर दिखने वाले परिणाम सामने आए हैं। लंबे समय से गंदगी और औद्योगिक कचरे की मार झेल रहे बुद्धा दरिया की तस्वीर अब धीरे-धीरे बदलती नजर आ रही है।

नगर निगम लुधियाना, पंजाब वाटर सप्लाई एंड सीवरेज बोर्ड, पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, ड्रेनेज विभाग सहित सभी संबंधित एजेंसियां एकजुट होकर कार्य कर रही हैं। ड्रेनेज नेटवर्क, सीवर लाइनों, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी), एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (ईटीपी) और इंटरमीडिएट पंपिंग स्टेशनों की लगातार निगरानी की जा रही है। किसी भी तरह की लीकेज, अवरोध या तकनीकी खामी पर तुरंत संयुक्त कार्रवाई कर समस्या का समाधान किया जा रहा है।

प्रशासन द्वारा नियमित मैदानी निरीक्षण किए जा रहे हैं, जिन्हें जियो-टैग्ड फोटोग्राफ्स के माध्यम से रिकॉर्ड किया जा रहा है। उपायुक्त







की समीक्षा बैठकों में दिए गए निदेर्शों का सख्ती से पालन हो रहा है, जबकि विभागों के बीच तालमेल और फॉलो-अप को प्राथमिकता दी गई है।

बुद्धा दरिया के सीमांकन का कार्य भी तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिसकी रिपोर्टों की निगरानी डीसी कार्यालय स्तर पर की जा रही है।

अधिकारियों के अनुसार लगभग सभी प्रमुख प्रदूषण इनफ्लो प्वाइंट्स पर नियंत्रण पा लिया गया है। सख्त प्रवर्तन और वैज्ञानिक मॉनिटरिंग के चलते जल गुणवत्ता के मानकों में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है। प्रशासन का यह सतत प्रयास न केवल बुद्धा दरिया की सेहत सुधारने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहा है, बल्कि शहर के पर्यावरण संरक्षण के लिए भी एक मजबूत संदेश दे रहा है।

# निलंबित डीआईजी भुल्लर को राहत मिलेगी या नहीं? रिश्वत केस में जमानत याचिका पर शुक्रवार को फैसला टला

चंडीगढ़, यूटर्न, 01 जनवरी। पंजाब के निलंबित डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर की जमानत को लेकर शुक्रवार का दिन अहम माना जा रहा है। रिश्वत मामले में दाखिल उनकी जमानत अर्जी पर सीबीआई की विशेष अदालत में सुनवाई होगी। भुल्लर पिछले करीब ढाई महीने से न्यायिक हिरासत में हैं और अब उनकी रिहाई को लेकर सबकी नजरें अदालत के रुख पर टिकी हैं।

भुल्लर की ओर से दलील दी गई है कि सीबीआई इस मामले में चार्जशीट दाखिल कर चुकी है



और ट्रायल शुरू होने में अभी लंबा समय लग सकता है। ऐसे में निरंतर हिरासत न्यायसंगत नहीं है। वहीं, सीबीआई को अदालत में जमानत याचिका पर अपना जवाब पेश करना है, जिसके बाद कोर्ट निर्णय ले सकती है।गौरतलब है कि इससे पहले भुल्लर ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में भी जमानत मांगी थी। उस दौरान उनके वकील ने दलील दी थी कि चालान समय पर पेश नहीं किया गया है, लेकिन अदालत ने इस तर्क को स्वीकार नहीं किया और जमानत अर्जी खारिज कर दी थी।

सीबीआई ने 16 अक्टूबर को निलंबित डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर को आठ लाख रुपये की रिश्वत मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया था। उनके साथ कथित बिचौलिया कृष्णु शारदा को भी पकड़ा गया था। जांच के दौरान सीबीआई को भुल्लर के आवास से करीब साढ़े तीन करोड़ रुपये नकद और बड़ी मात्रा में संपत्ति से जुड़े दस्तावेज मिलने का दावा किया गया था। इसके बाद एजेंसी ने उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का अलग मामला भी दर्ज किया।अब अदालत के फैसले से यह तय होगा कि निलंबित डीआईजी भुल्लर को फिलहाल जमानत मिलती है या उन्हें अभी जेल में ही रहना होगा।

Uturn Time 02 Jan 2026_Page 1-4.qxd 01-01-2026 23:13 Page 5





पेज 08 सीएम मान के नेतृत्व में पंजाब पुलिस का....

# गर्भपात पर महिला का अधिकार सर्वोपरि, पति की भूमिका नहीं निर्णायक: पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट

चंडीगढ़, यूटर्न, 01 जनवरी। महिलाओं की शारीरिक स्वायत्तता और व्यक्तिगत निर्णय के अधिकार को मजबूत करते हुए पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने एक अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि गर्भपात के मामले में विवाहित महिला की इच्छा और सहमति ही अंतिम और निर्णायक है, इसके लिए पति की अनुमति की न तो आवश्यकता है और न ही कानून इसकी कोई शर्त रखता है। यह फैसला जस्टिस सुवीर सहगल ने पंजाब के फतेहगढ़ साहिब की 21 वर्षीय विवाहिता की याचिका पर सुनाया। महिला ने 16 सप्ताह की गर्भावस्था को समाप्त करने की अनुमति मांगी थी। याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया कि 2 मई 2025 को विवाह के तुरंत बाद ही वैवाहिक जीवन तनावपूर्ण हो गया और पति




से गंभीर मतभेदों के चलते तलाक की कार्यवाही चल रही है। इस स्थिति के कारण वह लंबे समय से मानसिक अवसाद और चिंता से जूझ रही है।

कोर्ट ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पीजीआई चंडीगढ़ को मेडिकल बोर्ड गठित कर महिला की चिकित्सकीय जांच कराने के निर्देश दिए थे। बोर्ड की रिपोर्ट में कहा गया कि गर्भावस्था 16 सप्ताह से कुछ अधिक की है, भ्रूण जीवित है और किसी तरह की जन्मजात विकृति नहीं पाई गई। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि महिला मानसिक तनाव में होने के बावजूद स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने में सक्षम है और चिकित्सकीय रूप से गर्भपात के लिए फिट है। मामले में मुख्य सवाल यह था कि क्या गर्भपात के लिए पति की सहमति जरूरी है। इस पर कोर्ट ने मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट, 1971 की व्याख्या करते हुए कहा कि कानून में कहीं भी पति की सहमति का प्रावधान नहीं है। अदालत ने पूर्व के निर्णयों का हवाला देते हुए दोहराया कि गर्भावस्था को जारी रखना या समाप्त करना पूरी तरह महिला का व्यक्तिगत निर्णय है। हाईकोर्ट ने कहा कि एक विवाहित महिला ही अपने शरीर और भविष्य से जुड़े इस फैसले की सबसे बेहतर निर्णायक होती है। अंततः कोर्ट ने याचिकाकर्ता को एक सप्ताह के भीतर पीजीआई चंडीगढ़ या किसी अधिकृत अस्पताल में सुरक्षित तरीके से गर्भपात कराने की अनुमति दी और अस्पताल को सभी चिकित्सकीय मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। यह फैसला महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों और उनकी स्वायत्तता को लेकर एक महत्वपूर्ण न्यायिक मिसाल माना जा रहा है।

# नववर्ष 2026 पर स्वच्छता कर्मियों के हित में ऐतिहासिक पहल, नगर निगम ने किया एमओयू का ऐलान





चंडीगढ़, यूटर्न, 01 जनवरी। नववर्ष 2026 के अवसर पर डोर-टू-डोर गार्बेज कलेक्शन सोसाइटी ने नगर निगम चंडीगढ़ के वरिष्ठ अधिकारियों से भेंट कर शुभकामनाएँ दीं। सोसाइटी के प्रधान धर्मवीर राणा एवं उनकी टीम ने नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, स्पेशल कमिश्नर प्रदीप कुमार, जॉइंट कमिश्नर हिमांशु गुप्ता और मेडिकल हेल्थ ऑफिसर इंदरजीत कौर को गुलदस्ता भेंट कर नववर्ष की बधाई दी।

इस मौके पर नगर निगम प्रशासन ने मार्केट और कमर्शियल एरिया में कार्यरत डोर-टू-डोर गार्बेज कलेक्टर्स के लिए एमओयू (समझौता ज्ञापन) की घोषणा की। इसे स्वच्छता कर्मियों के हित में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है, जिससे उनके अधिकारों और भविष्य की सुरक्षा को मजबूती मिलेगी।

एमओयू की सौगात मिलने पर गार्बेज कलेक्टर्स की ओर से आयुक्त अमित कुमार और उनकी टीम का आभार व्यक्त किया गया। सोसाइटी प्रधान धर्मवीर राणा ने कहा कि नगर निगम द्वारा उठाया गया यह कदम स्वच्छता कर्मियों के कल्याण के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि आयुक्त अमित कुमार के नेतृत्व में नगर निगम की टीम लगातार स्वच्छता कर्मियों के हित में सराहनीय कार्य कर रही है, जो प्रशंसा के योग्य है। अंत में सोसाइटी की ओर से सभी अधिकारियों को नववर्ष 2026 की शुभकामनाएँ देते हुए शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाए रखने के संकल्प को दोहराया गया।

# लुधियाना के 7 साल के साचियार ओबरॉय का कमाल, हुला-हूप में बनाया इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स



लुधियाना/यूटर्न/1 जनवरी। लुधियाना के 7 वर्ष 8 माह के होनहार साचियार सिंह ओबरॉय ने हुला-हूप में अद्भुत कौशल और संतुलन का प्रदर्शन करते हुए इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया। साचियार ने एंटी-क्लॉकवाइज दिशा में हुला-हूप घुमाते हुए 63 सीढ़ियाँ चढ़कर यह विशेष उपलब्धि हासिल की, जो उनकी सहनशक्ति और एकाग्रता का प्रमाण है इस कीर्तिमान की आधिकारिक पुष्टि 27 नवंबर 2025 को की गई। 1 जनवरी को आयोजित सम्मान समारोह में इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स की ओर से उन्हें मेडल और किट प्रदान की गई। यह उपलब्धि न केवल साचियार की प्रतिभा को दर्शाती है, बल्कि बच्चों को कम उम्र से खेलों की ओर प्रेरित करने वाली एक प्रेरणादायी मिसाल भी है। परिवार का कहना है कि साचियार की मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का ही यह परिणाम है, और वे भविष्य में भी उसे खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए पूरा सहयोग देते रहेंगे। साचियार के दादा ने कवलजीत सिंह ने इस सम्मान पर गहरी खुशी व्यक्त की।

# नव वर्ष पर वार्ड 91 में गुरु साहिब का समागम, एडवोकेट गौरव बग्गा खुराना ने की शिरकत

लुधियाना/यूटर्न/1 जनवरी। लुधियाना के वार्ड नंबर 91 में नव वर्ष के पावन अवसर पर पार्षद तेजिंदर कौर राजा एवं तेजिंदर सिंह राजा की ओर से अपने दफ्तर में गुरु साहिब का धार्मिक समागम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एडवोकेट गौरव बग्गा खुराना विशेष रूप से उपस्थित रहे। समागम के दौरान सरबत दे भले की अरदास की गई और क्षेत्र में सुख-शांति व तरक्की की कामना की गई।



इस मौके एडवोकेट गौरव बग्गा खुराना ने कहा कि नव वर्ष की शुरुआत गुरु साहिब के चरणों में करना अपने आप में सौभाग्य की बात है। ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारा, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि सभी को मिल-जुलकर समाज और क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करना चाहिए। वहीं पार्षद तेजिंदर सिंह राजा ने कहा कि गुरु साहिब का आशीर्वाद ही जीवन का सबसे बड़ा सहारा है। नव वर्ष पर समागम करवाने का उद्देश्य क्षेत्रवासियों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना करना है। उन्होंने कहा कि आगे भी इसी तरह धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन जारी रहेगा।

# नववर्ष 2026 की पूर्व संध्या पर चंडीगढ़ में हाई अलर्ट, डीजीपी व एसएसपी यूटी ने देर रात किया शहरव्यापी सुरक्षा निरीक्षण

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 01 दिसंबर। नववर्ष 2026 के शांतिपूर्ण स्वागत को सुनिश्चित करने के लिए 31 दिसंबर की देर शाम चंडीगढ़ में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हाई अलर्ट देखने को मिला।

डीजीपी यूटी और एसएसपी यूटी ने अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ शहरभर में कानून-व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान प्रमुख चौक-चौराहों, भीड़भाड़ वाले बाजारों, क्लबों, पर्यटन स्थलों और संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात पुलिस बल की तैनाती और व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की गई।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने फील्ड में तैनात चंडीगढ़ पुलिस के जवानों और अधिकारियों से सीधे



संवाद किया, उनकी ड्यूटी की परिस्थितियों की जानकारी ली और उन्हें सतर्कता के साथ जिम्मेदारी निभाने





के निर्देश दिए। अधिकारियों ने मौके पर ड्यूटी कर रहे पुलिस कर्मियों को मिठाइयाँ वितरित कर नववर्ष की



शुभकामनाएँ दीं, जिससे जवानों का मनोबल और उत्साह बढ़ा। डीजीपी यूटी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कानून-व्यवस्था में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा, यातायात नियंत्रण, शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई और सार्वजनिक स्थानों पर हुड़दंग रोकना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

वहीं, एसएसपी यूटी ने बताया कि शहर में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ पीसीआर और क्विक रिस्पॉन्स टीमों को भी अलर्ट पर रखा गया है। पुलिस अधिकारियों ने भरोसा जताया कि चंडीगढ़ पुलिस की मुस्तैदी, सख्त निगरानी और त्वरित कार्रवाई के चलते शहरवासी नववर्ष 2026 का स्वागत पूरी तरह सुरक्षित, शांतिपूर्ण और उल्लासपूर्ण माहौल में कर सकेंगे।




Happy Birthday



Arjun Pandey

# श्रीमद्भागवत कथा से मिलता है जीवन को सही मार्ग - एडवोकेट वरिंदर शर्मा बॉबी



लुधियाना/यूटर्न/1 जनवरी। लुधियाना के चंद्र नगर स्थित मल्ली फार्म में श्री राधा गोविंद माधव मिलन सोसायटी की ओर से 19वीं श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन किया गया। कथा का शुभारंभ 25 दिसंबर 2025 को हुआ था, जिसका समापन 1 जनवरी 2026 को नववर्ष के पावन अवसर पर हवन-यज्ञ और पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान वृंदावन धाम से पधारे श्री कृष्ण प्रिय उद्धव जी महाराज के श्रीमुख से कथा वाचन हुआ, जिसे सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े।कथा के दौरान महाराज जी ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का भावपूर्ण वर्णन किया। श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन और कथा श्रवण कर धर्मलाभ प्राप्त किया। नववर्ष के अवसर पर आयोजित हवन-यज्ञ में क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि और सरबत दे भले की कामना की गई। इस मौके पर एडवोकेट वरिंदर शर्मा बॉबी ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मानव जीवन को सही दिशा देने वाली दिव्य कथा है। इस अवसर पर अपार सिंह मल्ली, पूर्व पार्षद नरिंदर मल्ली, एडवोकेट वरिंदर शर्मा बॉबी, चेयरमैन बनवारी लाल कश्यप, प्रधान सुखदेव भनोट, बी.एल. गर्ग, इंद्रसेन शर्मा, अमन मल्ली, नंदराम गोयल, वरिंदर तनेजा, योगेश गर्ग, सुशील शर्मा, एडवोकेट विवेक शर्मा, अश्वनी नरूला, नरिंदर मुंजाल, संतोष कुमार, दर राम गुप्ता, एडवोकेट पारस शर्मा उपस्थित रहे।

# नव वर्ष पर हरिनाम संकीर्तन से भक्तिमय हुआ सिद्धपीठ श्री दंडी स्वामी मंदिर



लुधियाना/यूटर्न/1 जनवरी। लुधियाना श्री सिद्धपीठ श्री दंडी स्वामी मंदिर में श्री दंडी स्वामी महाराज जी की असीम कृपा एवं आशीर्वाद से नव वर्ष की पूर्व संध्या पर भव्य महा हरिनाम संकीर्तन का आयोजन पंडित राज कुमार शर्मा की अध्यक्षता में श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया गया। इस अवसर पर श्री ठाकुर जी का सुंदर एवं अलौकिक दरबार सजाया गया, जिसे देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। महा हरिनाम संकीर्तन के दौरान मंदिर परिसर हरे रामझ्रहरे कृष्ण, राधेझ्रराधे और सीता राम के जयकारों से गूंज उठा। प्रभु के नाम का सामूहिक जप किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। सिद्धपीठ सेवा परिकर द्वारा श्री दंडी स्वामी महाराज जी एवं श्री ठाकुर जी का भावपूर्वक गुणगान किया गया। इस अवसर पर विशाल अरोड़ा, केशव जोशी, कपिल शर्मा, राघव उप्पल, बृजमोहन ढींगरा, सोमनाथ बबू, अश्वनी ग्रोवर, पं. दीपक शर्मा, संदीप लाम्बा, साहिल नागपाल, ललित शर्मा सहित अन्य भजन गायकों ने मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर पंडित राज कुमार शर्मा ने नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नव वर्ष के पावन अवसर पर हरिनाम संकीर्तन करना अत्यंत लाभकारी है। प्रभु का नाम लेने से मन शुद्ध होता है और मानसिक शांति प्राप्त होती है।

## रूह से रूबरू






चारु नागपाल

# इंसान एक भाव अनेक

नया वर्ष हर व्यक्ति के लिए आशाओं और सपनों का संदेश लेकर आता है। लेकिन इसकी शुरूआत हर कोई अपनी-अपनी तरह से करता है। कोई मंदिर, गुरुद्वारे या अन्य धार्मिक स्थानों पर जाकर प्रभु का शुक्रिया अदा करता है और आने वाले वर्ष के लिए आशीर्वाद मांगता है। वहीं कुछ लोग नाइट क्लबों या पार्टियों में जाकरसंगीत और नशे में डूबकर नए साल का स्वागत करते हैं। कुछ लोग तो सड़कों पर हुड़दंग मचाना ही अपना धर्म समझते हैं और इस खुशी के मौके को अव्यवस्था में बदल देते हैं। लेकिन असली नई शुरूआत इन बाहरी गतिविधियों में नहीं, बल्कि हमारे भीतर होती है। जब हम अपनी पिछली गलतियों से सीख लेकर आगे बढ़ने का संकल्प लेते हैं, तभी नया साल वास्तव में सार्थक बनता है। नई ऊर्जा, नए विचार और नई प्रेरणा के साथ जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना ही नए साल का सच्चा अर्थ है। बाहरी शोर-शराबे की बजाय मन में शांति और आत्मविश्वास का दीप जलाना चाहिए। इसलिए नए वर्ष की शुरूआत ऐसे करें, जिससे न केवल हमाराजीवन बेहतर बने, बल्कि समाज में भी सकारात्मकता फैले। यही नए वर्ष की असली जीत और वास्तविक उत्सव है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

पड़ोसी विवाद: कब सहनशीलता जरूरी है और कब कानून का सहारा लेना चाहिए?

पड़ोसियों के बीच होने वाले छोटे-छोटे विवाद अक्सर सबसे ज्यादा तनाव पैदा करते हैं। शुरूआत मामूली बातों से होती है— गाड़ी पार्क करने को लेकर, छत या सीढ़ियों के इस्तेमाल पर, पानी, कूड़ा या आवाज को लेकर। शुरूआत में लोग इन्हें नजरअंदाज करते हैं, लेकिन जब यही बातें रोज का सिलसिला बन जाएँ, तो शांति भंग होने लगती है और मामला कानून तक पहुँच सकता है।

कानून की नजर में हर व्यक्ति को अपने घर में शांति से रहने का अधिकार है। लेकिन यह अधिकार इतना भी व्यापक नहीं है कि उसकी वजह से दूसरे की सुविधा या मानसिक शांति प्रभावित होने लगे। कई लोग यह मान लेते हैं कि पड़ोसी विवाद पूरी तरह निजी मामला है, जबकि सच्चाई यह है कि जब किसी व्यवहार से आसपास के लोग भी परेशान होने लगें, तो कानून उसे गंभीरता से देखता है।

ऐसे मामलों में कानून सबसे पहले संयम और समझदारी की उम्मीद करता है। बिना वजह झगड़ा करना, गाली-गलौज या धमकी देना स्थिति को और बिगाड़ देता है। बातचीत के जरिए, या सोसायटी या कॉलोनी के जिम्मेदार लोगों की मदद से कई विवाद शुरूआत में ही सुलझ सकते हैं। कानून हमेशा यह देखता है कि क्या विवाद को शांतिपूर्ण तरीके से हल करने की कोशिश की गई थी या नहीं। लेकिन अगर बातचीत के बावजूद परेशानी लगातार बनी रहे और शांति भंग होती रहे, तो प्रशासन या पुलिस को सूचना देना गलत नहीं है। यह कदम बदले या टकराव के लिए नहीं, बल्कि स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए होता है। कानून का उद्देश्य किसी एक पक्ष को जिताना नहीं, बल्कि पूरे माहौल को संतुलित रखना होता है।

निष्कर्ष : पड़ोसी विवादों में कानून आखिरी उपाय होना चाहिए, पहला नहीं। लेकिन जब सहनशीलता की सीमा पार हो जाए और शांति लगातार प्रभावित होने लगे, तो कानून का सहारा लेना न केवल सही है, बल्कि जरूरी भी है। अधिकार और व्यवहार के बीच संतुलन ही स्वस्थ पड़ोस और शांत समाज की असली पहचान है।

# बाबा मुझे तुझपे भरोसा है भजनों की मस्ती में भक्तों ने किया नव वर्ष का स्वागत

## दो दिवसीय बाबा श्याम संकीर्तन में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब



चंडीगढ़, यूटर्न, 01 दिसंबर। रोड कोहाडा चौंक के समीप नवनिर्मित श्री खाटू श्याम सालासर मंदिर में एकादशी और नव वर्ष पर दो दिवसीय श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन ट्रस्टी प्रदीप मित्तल,संदीप अग्रवाल, एल.आर.मित्तल, व अनिल मित्तल की अध्यक्षता में किया गया।

संकीर्तन में श्याम बाबा का गुणगान नितिन एस कपूर,अनिल मेहरा,पूनम राणा,कुमार विकास, सुमित शर्मा अंबाला वालों द्वारा किया गया।सर्वप्रथम आचार्य दीपक पाण्डेय, पंडित संदीप कुमार मिश्रा ,पंडित राज तिवारी एवं पंडित केशव उपाध्याय द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ श्याम बाबा को पुष्पमालाएं अर्पित की गई। ट्रस्ट सदस्यों द्वारा ज्योति प्रज्वलित कर संकीर्तन का शुभारंभ किया गया। संकीर्तन में बाबा का अलौकिक श्रृंगार जतिंद्र भाटिया, प्रदीप मित्तल, अखिल गोयल परिवार द्वारा किया गया। जो कि देखने योग्य था। समस्त गायकों ने खाटू श्याम के कई भजनों की प्रस्तुति से भक्तों को भक्तिरस में डूबो दिया और पूरा माहौल खाटूमय प्रतीत होने लगा।बाबा मुझे तुझपे भरोसा है आदि भजनों की मस्ती में भक्तजन झूम उठे।संकीर्तन में बाबा श्याम की आरती उपरांत द्वारा प्रशाद वितरित किया गया। मंदिर ट्रस्ट की ओर से नर सेवा नारायण सेवा को देखते हुए थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों की सहायता हेतु रक्तदान कैंप भी लगाया।

जिसमें 100यूनिट से ज्यादा रक्त एकत्रित किया गया।नव वर्ष पर बाबा श्याम के दर्शन पाने हेतु भक्तों की लंबी लंबी लाइने देखने को मिली। इस मौके पर विजय गोयल, अभिषेक गुप्ता, संजय अग्रवाल हरीश गर्ग, संदीप गोयल, अतुल वालिया, मनीष बाजारी, नरेश अग्रवाल, जतिंदर बसोत्रा, परमानंद अग्रवाल, एच एन सिंघल, अशोक गुप्ता, दीपक मित्तल, सुनील गोयल, चंद्रेश भारद्वाज, राज गुप्ता, सुशील अग्रवाल, बलराज शर्मा, जसविंदर तग्गड, आदि उपस्थित रहे।

Uturn Time 02 Jan 2026_Page 1-4.qxd 01-01-2026 23:13 Page 7



# बर्थडे पर युवती का अंतिम संस्कार, गीजर की गैस से मौत हुई, नहाते वक्त बाथरूम में दम घुटा, दरवाजा तोड़ निकाला

जालंधर/यूटर्न/1 जनवरी। जालंधर में युवती का बर्थडे पर अंतिम संस्कार हुआ। शिवसेना नेता की बेटी मुनमुन की कल मौत हो गई थी। वह बाथरूम में नहाने गई थी। जहां गीजर की गैस लीक हो गया। इससे उसका दम घुट गया और वह बेहोश हो गई। परिजनों को इसका पता तक नहीं चला। काफी देर तक जब वह बाहर नहीं निकली तो दरवाजा तोड़कर उसे निकाला गया। घटना से घर में मातम छा गया, जबकि कुछ देर पहले तक उनके घर में उसी बेटी के जन्मदिन की तैयारी चल रही थी। शुरूआती जांच में माना जा रहा है कि बाथरूम में नहाते समय गीजर की पाइप से गैस लीक हुई। जिससे मुनमुन का दम घुटा और वह बेहोश हो गई। परिजन जब तक कुछ समझ पाते, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमॉर्टम के बाद लड़की का किशनपुरा श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।



## गीजर में आई खराबी

जालंधर के मिट्ठा बाजार के रहने वाले उत्तर भारत के प्रमुख शिवसेना नेता दीपक कंबोज की बेटी मुनमुन चितवन रोज की तरह घर के बाथरूम में नहाने गई थी। इसी दौरान गीजर से जुड़ी पाइप में तकनीकी खराबी आ गई और गैस का रिसाव होने लगा। बाथरूम बंद होने के कारण वहां गैस भर गई, जिससे मुनमुन को सांस लेने में परेशानी हुई। वह दरवाजा खोलकर न तो बाहर आ पाई और न ही मदद के लिए किसी को बुला पाई। कुछ समय बाद वह बाथरूम में ही बेहोश हो गई। काफी देर तक बाहर न आने पर परिजनों ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला।

## दरवाजा तोड़कर निकाला तो बेहोश पड़ी थी

अनहोनी की आशंका के चलते दरवाजा तोड़ा गया, तो मुनमुन अचेत अवस्था में पड़ी मिली। परिजन तुरंत उसे नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में गैस से दम घुटने के कारण मौत की बात कही गई।

# नए साल के पहले दिन मोहाली में दिनदहाड़े हत्या, चाकू से युवक की मौत, पूरे शहर में दहशत का माहौल

अजीत झा

मोहाली, यूटर्न, 01 दिसंबर। नए साल 2026 की शुरूआत ही एक खौफनाक घटना के साथ हुई, जब मोहाली के जुझार नगर में दिनदहाड़े एक युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। यह वारदात न केवल परिवार के लिए बल्कि पूरे मोहाली के नागरिकों के लिए चौंकाने वाली और डर पैदा करने वाली साबित हुई।जानकारी के अनुसार मृतक मुकेश अपने भाई मोहित के विवाद को सुलझाने के लिए घटनास्थल पर गया था। पुलिस के मुताबिक मोहित कुछ समय पहले एक पक्ष से विवाद में उलझा हुआ था और समझौते के लिए अपने जीजा बलवीर से मिलने गया था। वहीं मौजूद कुछ अन्य युवकों के साथ बहस बढ़ गई और इसी दौरान आरोपित ने मुकेश के पेट में चाकू घोंप दिया। मुकेश को गंभीर रूप से घायल अवस्था में तुरंत सामान्य अस्पताल, फेज-6 ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस भयानक वारदात के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए।पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह हत्या पुरानी रंजिश का परिणाम है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने विशेष टीम गठित कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे शांति बनाए रखें और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या जानकारी की तुरंत सूचना दें। इस घटना ने मोहाली में सुरक्षा व्यवस्था और कानून के पालन पर सवाल खड़े कर दिए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि दिनदहाड़े इस तरह की हत्याएं बढ़ती हिंसा और अपराधियों के आत्मविश्वास को दर्शाती हैं, जो शहरवासियों के लिए चिंता का विषय है।मोहाली के लोग इस वारदात से सहमे हुए हैं और मांग कर रहे हैं कि पुलिस ऐसे मामलों में तुरंत कार्रवाई कर अपराधियों को गिरफ्तार करे, ताकि शहर में कानून और व्यवस्था बनाए रखी जा सके।



# हरियाणा कैबिनेट ने 2002 में नियुक्त 347 कॉन्ट्रैक्ट ड्राइवरों को ओपीएस और अन्य लाभ किए प्रदान




चंडीगढ़, यूटर्न,01 जनवरी। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आज यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य परिवहन विभाग के कर्मचारियों को बड़ी राहत देते हुए 2002 में कॉन्ट्रैक्ट पर नियुक्त 347 ड्राइवरों को क्वालिफाइंग सर्विस और पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) के लाभ देने का फैसला किया है। इस फैसले का उद्देश्य लंबे समय से चली आ रही वेतन विसंगतियों को दूर करना और समान पद वाले कर्मचारियों के बीच समानता सुनिश्चित करना है। इन ड्राइवरों को वर्ष 2002 में कॉन्ट्रैक्ट पर नियुक्त किया गया था और बाद में वर्ष 2006 में हरियाणा परिवहन विभाग (ग्रुप-उ) हरियाणा रोडवेज सेवा नियम, 1995 (समय-समय पर संशोधित), के तहत रेगुलर किया गया था। हालांकि, जनवरी 2014 में सरकार और कर्मचारी यूनियनों के बीच हुए आपसी समझौते में केवल 1 जनवरी, 2003 को या उसके बाद नियुक्त कर्मचारियों को ही शामिल किया गया था, इसलिए वर्ष 2002 में नियुक्त ड्राइवरों को यह लाभ नहीं मिल पाए थे, जिससे जूनियर ड्राइवरों को अपने सीनियर्स की तुलना में ज्यादा सैलरी और पेंशन लाभ मिल रहे थे। इस फैसले से, वर्ष 2002 में भर्ती हुए ड्राइवरों को उनकी शुरूआती नियुक्ति की तारीख से रेगुलर माना जाएगा। शुरूआती नियुक्ति की तारीख से सेवा की गणना करके एसीपी इत्यादि, पुरानी पेंशन योजना और पारिवारिक पेंशन योजना, 1964 का लाभ प्रदान करने, जनरल प्रोविडेंट फंड खाते खोलने जैसे विभिन्न लाभ प्रदान किए जाएंगे। ये सभी लाभ 31 अगस्त, 2024 तक सैद्धांतिक रूप से दिए जाएंगे तथा वास्तविक वित्तीय लाभ 1 सितंबर, 2024 से या सरकार द्वारा तय की गई किसी अन्य कट-ऑफ तारीख से मिलेंगे।

# म्युनिसिपल कर्मचारी दल ने नववर्ष के शुभ अवसर पर सत्संग समारोह का आयोजन किया



लुधियाना/यूटर्न/1 जनवरी। म्युनिसिपल कर्मचारी दल की ओर से चेयरमैन विजय दानव के नेतृत्व में नववर्ष के शुभ अवसर पर मानवता के कल्याण के लिए नगर निगम के जोन ए के बाहर भारतीय संस्कृति के जनक भगवान वाल्मीकि जी का भव्य सत्संग कराया। इस अवसर पर म्युनिसिपल कर्मचारी दल के नेताओं ने ज्योति प्रज्वलित कर सत्संग की शुरूआत की। इस सत्संग समारोह में विधायक मदन लाल बग्गा और नगर निगम कमिश्नर आदित्य डेचवाल ने मुख मेहमान के तौर पर शिरकत की। जबकि सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर, तहसीलदार संदीप कुमार, जोनल कमिश्नर गुरपाल, आरडी शर्मा, परवीन बंसल, पार्षद निकू भारती, पार्षद वरिंदर कौर घुम्मन, जॉइंट कमिश्नर विनीत जी, पार्षद सनी मास्टर, पार्षदनीरज बूटा, पार्षद पुष्पिंदर भनोद, पार्षद भारद्वाज, राशि अग्रवाल, डीपी खोसला, बिंदिया मदान, जसवीर लवन, शेरू सचदेवा, रमनजीत लाली, विक्की सहोता, राजेश दैत्य, जतिंदर कपूर, हितेश जग्गी, रिंकू चड्डा, ऋतू जोहर, ऋचा जग्गी, चमनलाल घई, दलजीत सिंह, हरष मदान, मुकेश गौतम, पूरन चंद कैंथ, निरपाल सिंह औकसामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक शख्सियतो ने शामिल होकर भगवान वाल्मीकि जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# वरिष्ठ आईएएस अधिकारी श्यामल मिश्रा मुख्य सचिव ग्रेड में पदोन्नत




चंडीगढ़, यूटर्न, 01 जनवरी। हरियाणा सरकार ने 1996 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी श्री श्यामल मिश्रा को मुख्य सचिव ग्रेड (पे मैट्रिक्स के लेवल-17) में पदोन्नत किया है। पदोन्नति उपरांत श्री मिश्रा अपने वर्तमान पदभार एवं दायित्वों का निर्वहन करते रहेंगे। इसके अलावा, 2001 बैच के चार आईएएस अधिकारियों को हायर एडमिनिस्टेजटिव ग्रेड (पे मैट्रिक्स के लेवल-15) में पदोन्नत किया गया है। पदोन्नति पाने वालों में श्री विजय सिंह दहिया और श्रीमती अमनीत पी. कुमार शामिल हैं। केन्द्र सरकार में प्रतिनियुक्ति पर होने के कारण श्री विकास गुप्ता और श्री पंकज यादव को परफॉर्मा प्रमोशन दी गई है। इसके प्रकार, 2010 बैच के पांच आईएएस अधिकारियों को सुपर टाइम स्केल (पे मैट्रिक्स लेवल-14) में पदोन्नत किया गया है।



Katrina Kaif

# हिमाचल में न्यू ईयर पर पुलिस थाने के पास धमाका, 45 मीटर दूरी तक बिल्डिंगों के शीशे टूटे, इलाका खाली कराया

हिमाचल प्रदेश/यूटर्न/1 जनवरी। हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले के नालागढ़ में पुलिस थाने के पास गुरुवार की सुबह 9.45 बजे जोरदार धमाका हुआ है। इस धमाके की आवाज कई किलोमीटर तक सुनाई दी, जबकि धमाके से 45 मीटर दूर तक की बिल्डिंगों के शीशे टूट गए। इनमें सैनिक भवन, पुलिस थाने का आईओ (इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर) रूम और मार्केट कमेटी के ऑफिस की इमारत भी शामिल है। धमाके से आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। धमाके की सूचना मिलते ही एसपी बद्दी विनोद धीमान सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और पड़ताल शुरू की।

फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की और सैंपल कलेक्ट किए। पुलिस अधिकारी अभी कुछ भी कहने को तैयार नहीं है कि धमाका कैसे और किस चीज से हुआ है। पुलिस ने एहतियात के तौर पर आसपास के क्षेत्र को खाली करवा दिया और क्षेत्र को सील कर दिया। यह धमाका ऐसे वक्त में हुआ है, जब हजारों टूरिस्ट न्यू ईयर मनाने के लिए शिमला पहुंचे हुए हैं। फिलहाल धमाके में कोई मौत या किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। पुलिस जल्द ही प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसके बारे में डिटेल जानकारी देगी, उसके बाद सारी स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।



### चश्मदीद बोला- 16MM का शीशा भी झड़ गया

चश्मदीद ने बताया- मैं थोड़ी दूर पर बैठा था। अचानक जोरदार धमाका हुआ। कोई नुकसान तो नहीं हुआ लेकिन पूरी बिल्डिंग हिल गई। 16टट के शीशे तक टूटकर गिर गए। एक वक्त तो कुछ भी नजर नहीं आ रहा था।

### 45 मीटर तक धमाके का असर

उधर, बद्दी एसपी विनोद धीमान ने बताया कि थाने के बाहर की ओर जा रहे रास्ते पर धमाका हुआ है। सैंपल अलग-अलग स्पॉट से उठाए गए। धमाके की वजह क्या रही, यह फोरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद ही साफ होगा। धमाके से अभी तक जानी नुकसान तो नहीं है, लेकिन इससे थाने के आईओ रूम के शीशे तक टूट गए है। 40 से 45 मीटर दूर एक कैंटीन के भी शीशे टूटे है। उन्होंने बताया- आसपास लगे सीसीटीवी खंगाले जा रहे है। अब तक पुलिस को कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। पुलिस टीम जांच में जुटी हुई है।

# मान सरकार की व्यापारियों को बड़ी राहत :ओटीएस स्कीम को 31 मार्च 2026 तक बढ़ाया






चंडीगढ़, यूटर्न, 01 जनवरी। पंजाब सरकार ने बकाया टैक्स के लिए वन-टाइम सेटलमेंट योजना की समय सीमा 31 मार्च तक बढ़ा दी है, जिससे व्यापारियों और इंडस्ट्री को राहत मिली है, वित्त मंत्री हरपाल चीमा ने गुरुवार को यह बात कही।

चीमा ने कहा कि यह विस्तार विभिन्न स्टेकहोल्डर्स, जिसमें पंजाब के GST प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन भी शामिल है, के अनुरोध के बाद मंजूर किया गया है, जिन्होंने टैक्सपेयर्स द्वारा सामना किए जा रहे भारी कंप्लायंस दबाव और व्यावहारिक कठिनाइयों का हवाला दिया था। उन्होंने कहा कि अब तक वन-टाइम सेटलमेंट (OTS) योजना के तहत 6,348 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जो ट्रेडिंग समुदाय की मजबूत भागीदारी को दर्शाता है। सरकार ने कहा कि 2025 के अंत में टैक्स की तारीखों के ओवरलैप होने और VAT असेसमेंट ऑर्डर मिलने में देरी के कारण कई व्यवसायों के लिए मूल समय सीमा के भीतर अपनी सही देनदारियों का आकलन करना मुश्किल हो गया था।

OTS योजना का लक्ष्य VAT और सेंट्रल सेल्स टैक्स कानूनों के तहत GST से पहले के विवादों को सुलझाना है, जिसमें मामले के आधार पर ब्याज और जुर्माने में 100 प्रतिशत तक की छूट और मूल टैक्स राशि में महत्वपूर्ण कमी सहित काफी राहत दी जाएगी।

उन्होंने योग्य व्यापारियों, औद्योगिक इकाइयों और चावल मिल मालिकों से इस योजना का लाभ उठाने और लंबे समय से लंबित बकाया का निपटान करने का आग्रह किया।

चीमा ने कहा कि यह विस्तार कंप्लायंस को आसान बनाने और व्यापार-अनुकूल माहौल को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मंत्री ने यह भी चेतावनी दी कि 31 मार्च के बाद इस योजना का विकल्प नहीं चुनने वाले डिफॉल्टरों के खिलाफ सख्त वसूली की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

# सीएम मान के नेतृत्व में पंजाब पुलिस का 'विजन 2026', 7 मिनट में इमरजेंसी रिस्पॉन्स का लक्ष्य

चंडीगढ़, यूटर्न, 01 दिसंबर। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की दिशा-निर्देशों के अनुरूप पंजाब पुलिस ने आज अपने भविष्य की रूपरेखा 'विजन 2026' पेश की। डीजीपी गौरव यादव ने इस महत्वाकांक्षी और तकनीक-आधारित योजना का खुलासा करते हुए बताया कि इसका उद्देश्य पुलिसिंग को और अधिक सक्षम, जवाबदेह और पेशेवर बनाना है।





### सीमा सुरक्षा और निगरानी मजबूत

सीमा सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के साथ 585 स्थानों पर 2,367 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इसके लिए 49.58 करोड़ रुपये की योजना बनाई गई है। एंटी-ड्रोन सिस्टम (ADS) को तीन से बढ़ाकर छह किया जाएगा और आगे 10 अतिरिक्त प्रणालियां चरणबद्ध तरीके से खरीदी जाएंगी। ड्रोन रिस्पॉन्स टीमें (DRT) ग्रामीण सुरक्षा समितियों के साथ मिलकर निगरानी करेंगी।

### इमरजेंसी रिस्पांस समय घटाने का लक्ष्य

इस विजन के तहत डायल 112 इमरजेंसी रिस्पांस सिस्टम (ईआरएसएस) को और प्रभावी बनाया जाएगा। मोहाली में 52 करोड़ रुपये की लागत से नया सेंट्रल कंट्रोल रूम बनाया जाएगा और 50 करोड़ रुपये खर्च करके आधुनिक पुलिस वाहन खरीदे जाएंगे। डीजीपी ने कहा कि वर्तमान औसत रिस्पांस समय 12झ13 मिनट है, जिसे घटाकर 7झ8 मिनट करना प्राथमिक लक्ष्य है। पूरे पंजाब के जिला नियंत्रण कक्षों को भी 25 करोड़ रुपये के निवेश से अपग्रेड किया जाएगा, जिससे किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई संभव होगी।

### आधुनिकीकरण और बुनियादी ढांचे में सुधार

पिछले तीन वर्षों में पुलिस आधुनिकीकरण पर 800 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। सभी एसपी रैंक के अधिकारियों और थानों को नए वाहन दिए जा चुके हैं। अगले तीन वर्षों में 426 करोड़ रुपये की लागत से मेगा पुलिस भवन परियोजना शुरू होगी, जिसमें मोहाली में साइबर क्राइम डिवीजन का नया मुख्यालय, नवांशहर और मलेरकोटला में नई पुलिस लाइनें, 11 नई पुलिस स्टेशन इमारतें और लुधियाना, फिरोजपुर और जालंधर में एएनटीएफ रेंज कार्यालय शामिल हैं।

### टेक्नोलॉजी और अपराध नियंत्रण

पुलिस की तकनीकी क्षमताओं को और मजबूत करने के लिए एजीटीएफ ने पंजाब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिस्टम (PAIS 2.0) को अपडेट किया है। संगठित अपराध सूचना प्रणाली (OCIS) भी अपराध रिकॉर्ड प्रबंधन के लिए अपग्रेड की जा रही है। पुलिस फर्जी विवरणों के आधार पर पासपोर्ट जारी करने या उसमें सहायता करने वाले ट्रैवल एजेंटों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई करेगी।

### शहरी सुरक्षा और ट्रैफिक प्रबंधन

शहरी क्षेत्रों में यातायात और आपातकालीन प्रतिक्रिया सुधारने के लिए समर्पित ट्रैफिक और सड़क सुरक्षा थाने स्थापित किए जाएंगे। इन थानों को शहरों के सीसीटीवी फीड और स्मार्ट ट्रैफिक सिग्नलों के माध्यम से एकीकृत कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (IC3) से जोड़ा जाएगा। डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि 'विजन 2026' का उद्देश्य पंजाब पुलिस को हर स्थिति में सक्षम और नागरिकों के लिए उत्तरदायी बनाना है। इसके माध्यम से इमरजेंसी रिस्पांस समय घटाने, अपराध नियंत्रण, ट्रैफिक प्रबंधन और सुरक्षा प्रणालियों के आधुनिकीकरण में नया मानक स्थापित होगा।

# नववर्ष पर जीरकपुर पुलिस रही पूरी तरह अलर्ट

## शहरभर में नाकाबंदी, रातभर चला चेकिंग अभियान, कुल 46 चालान



जीरकपुर, यूटर्न, 01 दिसंबर। नववर्ष के आगमन को लेकर जीरकपुर पुलिस पूरी तरह अलर्ट और मुस्तैद नजर आई। नए साल के जश्न के दौरान किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोकने के उद्देश्य से पुलिस की ओर से पूरे शहर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। जीरकपुर के विभिन्न इलाकों में जगह-जगह पुलिस नाके लगाए गए और पूरी रात गश्त व चेकिंग अभियान चलाया गया। इंस्पेक्टर सतिंदर सिंह, एसएचओ जीरकपुर, स्वयं अपनी टीम के साथ नाइट क्लबों, रिसॉर्ट्स, रेस्टोरेंट्स और बार्स में पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि कहीं भी कानून व्यवस्था भंग न हो और नववर्ष का जश्न शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित माहौल में मनाया जाए। पुलिस ने संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखते हुए लोगों से नियमों का पालन करने की अपील भी की। सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की गई। जीरकपुर पुलिस द्वारा रातभर चलाए गए विशेष अभियान के दौरान नियम तोड़ने वालों के कुल 22 चालान काटे गए। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं, बलटाना पुलिस चौकी इंचार्ज गुरप्रीत सिंह भी अपनी टीम के साथ पूरी रात फील्ड में सक्रिय रहे। बलटाना क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान चलाते हुए ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने वालों के 15 चालान किए गए। इसके अलावा, ढकोली क्षेत्र में भी पुलिस पूरी तरह सतर्क रही। ढकोली में लगाए गए नाकों और चेकिंग के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वालों के 9 चालान काटे गए। पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया कि कानून तोड़ने वालों के खिलाफ सख्ती आगे भी जारी रहेगी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, नववर्ष के मौके पर शहर में शांति और सुरक्षा बनाए रखना उनकी प्राथमिकता रही।

# जीरकपुर में नए साल की पहली सवेर जीरकपुर में एक के बाद टकराई चार गाडियां

जीरकपुर, यूटर्न, 01 दिसंबर। नव वर्ष के आगमन पर लोग खुशी और उत्साह के साथ जश्न मना रहे थे, लेकिन जीरकपुरझपटियाला रोड पर रात करीब 12.30 बजे छत लाइट प्वाइंट के पास एक गंभीर सड़क हादसा सामने आया। गनीमत यह रही कि यह हादसा में जानी नुकसान से बचाव रहा है। जानकारी अनुसार, जीरकपुर से पटियाला की ओर जा रहा एक टाटा-407 ट्रक ने खड़ी गाड़ी में पीछे से टक्कर मार दी, जहां लाल बत्ती होने कारण एक ट्रक पहले से खड़ा था और उसके पीछे सेल्टोस गाड़ी रुकी हुई थी। जबकि सेल्टोस के पीछे महिंद्रा स्कॉर्पियो खड़ी थी और तेज रफ्तार टाटा 407 ने पहले स्कॉर्पियो को जोरदार टक्कर मार दी, जो आगे खड़ी सेल्टोस से टकराई। जबकि सेल्टोस टक्कर के झटके बाद अपने आगे खड़े ट्रक में जा लगी और कुछ ही पलों में चारों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे सड़क पर यातायात कुछ समय के लिए प्रभावित रहा। हादसे के दौरान स्कॉर्पियो गाड़ी में कंडक्टर साइड बैठे एक युवक को चोटें आई और सड़क सुरक्षा फोर्स की टीम घटनास्थल पर पहुंच घायल को मौके पर ही प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया।



Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार। Contact - +91 9814295372

Uturn Time 02 Jan 2026_Page 1-4.qxd 01-01-2026 23:13 Page 8